**सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया**
**Central Bank of India**
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय : भोपाल

# ई-नीलामी की सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8 (6) का परन्तुक देखें ]

## अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का भौतिक /प्रलक्षित कब्जा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसी है और जो है जैसी है"** के आधार पर निम्न ऋणियों से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा दिनांक **28.12.2023** को बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है।

| खाते / ऋणी का नाम | बंधक संपत्तियों का विवरण एवं संपत्ति स्वामी का नाम | मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **नरेला शंकरी शाखा, भोपाल** | | | |
| ऋणी- **स्व. विश्वनाथ राय पुत्र श्री प्रदीप राय,** स्व. विश्वनाथ राय पुत्र श्री प्रदीप राय के निम्न कानूनी उत्तराधिकारी: 1. श्रीमती तुलसी राय पत्नि श्री प्रदीप कुमार राय 2. श्री प्रदीप राय 3. श्रीमती मोनिका पत्नि स्व. श्री विश्वनाथ राय | **संपत्ति क्र. 1 : मकान नं. एच-2/313, बीडीए कालोनी, अमरावद खुर्द, वार्ड नं. 56, तहसील हुजूर, भोपाल (क्षेत्रफल-435.93 वर्गफिट या 40.50 वर्गमीटर)** संपत्ति मालिक- स्व. श्री विश्वनाथ राय पुत्र श्री प्रदीप राय चर्तुसीमाएं- उत्तर-प्लाट नं. 2/314, दक्षिण- प्लाट नं. 2/312, पूर्व- प्लाट नं. 2/316, पश्चिम- कालोनी रोड | 18/10/2021<br>21/05/2022<br>₹ 13,26,176/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 6,10,000/-<br>₹ 61,000/-<br>₹ 20,000/- |
| | **संपत्ति क्र. 2 : मकान नं. एच-2/314, बीडीए कालोनी, अमरावद खुर्द, वार्ड नं. 56, तहसील हुजूर, भोपाल (क्षेत्रफल-435.93 वर्गफिट या 40.50 वर्गमीटर)** संपत्ति मालिक- स्व. श्री विश्वनाथ राय पुत्र श्री प्रदीप राय चर्तुसीमाएं- उत्तर- कालोनी रोड, दक्षिण- प्लाट नं. 2/313, पूर्व- प्लाट नं. 2/315, पश्चिम- कालोनी रोड | दोनों संपत्तियाँ बैंक के भौतिक कब्जे में हैं। | ₹ 5,99,500/-<br>₹ 59,950/-<br>₹ 20,000/- |
| ऋणी- **मेसर्स वैरियर शूज वैरियर स्टाईल** प्रोपराइटर- श्रीमती मृदालिनी सिंह सेंगर | **कमर्शियल शॉप नं. 19, खसरा नं. 391-392/1 एवं 391-392/2 का भाग, एस्सारजी युगान्तर कॉम्पलेक्स, ग्राम-बरखेड़ा, पठानी, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल** क्षेत्रफल- 100 वर्गफिट अथवा 9.29 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- श्रीमती मृदालिनी सिंह सेंगर चर्तुसीमाएं- उत्तर- पैसेज, दक्षिण- शॉप नं. 20, पूर्व- सीढ़ियाँ, पश्चिम - शॉप नं. 18 | 17/05/2022<br>14/11/2022<br>₹ 10,57,902/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 8,50,000/-<br>₹ 85,000/-<br>₹ 20,000/- |
| **बेगमगंज शाखा : बेगमगंज** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स गौरव एजेंसी** प्रोप. **श्री गौरव जैन** जमानतदार-श्री सुधीश चंद्र जैन पुत्र श्री मथुरा प्रसाद जैन | **मकान नं. गोल्ड-6, इंडस टाउन, ग्राम-रतनपुर सड़क, होशंगाबाद रोड, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.)** क्षेत्रफल-945 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- उत्तर- गोल्ड-5, दक्षिण- गोल्ड-7, पूर्व- विक्रेता की दुकान, पश्चिम- रोड संपत्ति मालिक- श्री सुधीश चंद्र जैन पुत्र श्री मथुरा प्रसाद जैन | 20/10/2022<br>05/01/2023<br>₹ 16,92,099/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 27,52,000/-<br>₹ 2,75,200/-<br>₹ 25,000/- |
| **गुलमोहर शाखा, भोपाल** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स आर. के. इण्टरप्राइजेस,** प्रोपराइटर- श्री दिनेश वसंत लिखार जमानतदार- श्रीमती शोभा श्रीवास्तव पत्नि श्री महेशचंद्र श्रीवास्तव | **एक ऑफिस नं. - 06, प्लाट नं. 191बी, प्रथम तल मानस परिसर, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग स्थित एम.पी. नगर, जोन-1, वार्ड नं. 43, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल क्षेत्रफल- 36.24 वर्गमीटर** संपत्ति मालिक- श्रीमती शोभा श्रीवास्तव पत्नि श्री महेशचंद्र श्रीवास्तव चर्तुसीमाएं- उत्तर- कॉमन पैसेज एवं सीढ़िया, दक्षिण- अन्य की संपत्ति, पूर्व- ऑफिस नं.-07, पश्चिम- ऑफिस नं.-05 | 30/09/2022<br>19/12/2022<br>₹ 2651290/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 29,24,000/-<br>₹ 2,92,400/-<br>₹ 25,000/- |

**ईएमडी जमा करने की दिनांक एवं समय : 27.12.2023 को सायं 4.00 बजे या उससे पूर्व**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 28.12.2023 को सुबह 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक**

विक्रय के निबंधन और शर्तो के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in अथवा https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.isp देखें।

तारीख : 02.12.2023 , स्थानः भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India

1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

**REGIONAL OFFICE - BHOPAL**

**चल/ अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस ई-नीलामी दि. 28.12.2023**
**विस्तृत नियम एवं शर्तें**

| ई-नीलामी तिथि एवं समय | ईएमडी (अनिवार्य अग्रिम धरोहर राशि) प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|
| **28.12.2023**<br>**समय - प्रातः 10.00 बजे से साँय 6.00 बजे तक** | **27.12.2023**<br>**साँय 4.00 बजे तक** |

**नियम एवं शर्तें**

1. ई-नीलामी "जहाँ है जैसी है" तथा "बिना किसी शिकायत" के आधार पर तथा सरफेसी अधिनियम तथा उसके नियमों के अधीन की जाएगी।
2. नीलामी बोली/ बिड ऑन लाइन इलेक्ट्रोनिक प्रक्रिया तहत वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.isp के माध्यम से निविदाकर्ताओं के मध्य परस्पर बोली के अनुसार – **दिनांक 28.12.2023 को (समय : प्रातः 10.00 बजे से साँय 6.00 बजे तक) 10 मिनट के स्वतः असीमित विस्तार सहित आयोजित की जाएगी।** निविदाकर्ता अपनी बोली, बिड वृद्धि राशि केवल उपरोक्त तालिका मे "बिड बोली वृद्धि राशि" के गुणन मे वृद्धि कर सकता है।
3. विस्तृत विवरण को डाउनलोड़ करने, प्रक्रिया का अनुपालन और नियम एवं शर्तों के लिए कृपया पोर्टल अ) http://www.centralbankofindia.co.in पर आएं व ई-नीलामी के लिए हमारे सेवा प्रदाता का वेबसाइट पता https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.isp है।
4. निविदाकर्ता https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.isp पर विजिट कर सकते हैं जहां निविदाकर्ता के लिए दिशा-निर्देश, शैक्षणिक वीडियो के साथ उपलब्ध हैं।
   निविदाकर्ताओं को निम्नलिखित औपचारिकताओं को पहले ही पूरा करना होगा:
   प्रथम चरण : निविदाकर्ता/खरीददार का पंजीकरण : निविदाकर्ता को ई-नीलामी प्लेटफार्म (ऊपर दिए गए लिंक) पर अपने मोबाइल नं. व ई-मेल पते के साथ पंजीकरण करना है।
   द्वितीय चरण : केवाईसी जांच के लिए निविदाकर्ता को निर्धारित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करना है। केवाईसी दस्तावेजों की जांच ई-नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा की जाएगी (जिसमें 2 कार्य दिवसों का समय लग सकता है)।
   तृतीय चरण : निविदाकर्ता की ईएमडी (EMD/ अनिवार्य अग्रिम धरोहर राशि) धनराशि को ग्लोबल ईमडी वालेट में अंतरित करना – ई-नीलामी प्लेटफार्म पर आन लाइन/आफ लाइन फण्ड का अंतरण एनइएफटी (NEFT)/ चलान आधारित अंतरण किया जाता है।
   चतुर्थ चरण : बोली लगाने की प्रक्रिया और नीलामी परिणाम : इच्छुक पंजीकृत निविदाकर्ता प्रथम, द्वतीय व तृतीय चरणों को पूरा करने के पश्चात ई-नीलामी हेतु बोली लगा सकते हैं।
   **कृपया नोट करें कि इच्छुक निविदाकर्ता को प्रथम चरण से तृतीय चरण की प्रक्रिया तक, नीलामी तिथि से पहले अग्रिम रूप से पूरा करना है।**
5. ई-नीलामी प्लेटफार्म (https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp) पर ई-नीलामी सेवाएं हमारे हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता- एमएसटीसी लि. द्वारा प्रदान की जाती हैं जिसका पंजीकृत कार्यालय 225-सी,ए.जी.सी. बोस रोड़, कोलकाता-700020 में है. इच्छुक निविदाकर्ताओं/खरीददारों को इ-नीलामी प्रक्रियाओं हेतु ई-नीलामी सेवा प्रदाता के वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com पर सहभागिता की जरूरत है। ई-नीलामी पोर्टल पर सेवा प्रदाता कम्पनी ई-नीलामी के लिए आन-लाइन प्रदर्शन/प्रशिक्षण भी प्रदान करती है। विक्रय के सामान्य नियम एवं शर्तें बैंक की वेबसाइट http://www.central bankofinda.co.in, htttp://ibapi.in और https://www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं। ई-नीलामी के परिचालान के लिए सहायता मैनुअल इस ई-नीलामी का e-bक्रय आईबीएपीआई के पोर्टल (htttp://www.ibapi.in) पर उपलब्ध है। ई-नीलामी के इच्छुक प्रतिभागी विक्रय नोटिस, ई नीलामी के नियम एवं शर्तें, विक्रय नोटिस की प्रतियां, ई-नीलामी का सहायता मैनुअल, मुफ्त में डाउनलोड़ कर सकते हैं । इच्छुक निविदाकर्ता, जिन्हें आन-लाइन आई डी और पासवर्ड सृजित करने, डाटा अद्यतन करने, बोली प्रस्तुत करने और ई-नीलामी प्रक्रिया के प्रशिक्षण में सहायता की आवश्यकता है, वे वेबसाइट www.mstcecommerce .com पर या उनके केंद्रीय हेल्प डेस्क नं. 033-22901004 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

15/12/2023

6. इच्छुक निविदाकर्ता/खरीददार को नीलामी समय से पहले अपनी ईएमडी (EMD/ अनिवार्य अग्रिम धरोहर राशि) अग्रिम रूप से ग्लोबल ईएमडी वालेट में अंतरित करना है। अगर ईएमडी धनराशि, ईएमडी वालेट में उपलब्ध नहीं है तो सिस्टम निविदा की अनुमति नहीं देगा। पंजीकरण, केवाईसी दस्तावेजों की जांच और ईएमडी का वालेट में अंतरण अग्रिम रूप से नीलामी से पूर्व (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि से पूर्व) पूरा होना चाहिए। निविदाकर्ता या तो एक या सभी सम्पत्तियों का प्रस्ताव दे सकते हैं। ई-नीलामी की तिथि पर वालेट में पर्याप्त ईएमडी होने पर ही इच्छुक निविदाकर्ता पात्र होंगे। बोली लगाने के समय, निविदाकर्ता की वालेट में पर्याप्त ईएमडी होनी चाहिए(EMD)। अगर निविदाकर्ता एक से अधिक सम्पत्तियों के लिए प्रस्ताव देते हैं तो उन्हें प्रत्येक सम्पत्ति के लिए अलग-अलग ईएमडी जमा करना होगा।

7. ऊपर बताई गई अनिवार्य अग्रिम धरोहर जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान आन-लाइन अर्थात नेफ्ट (NEFT) /अंतरण (चालान फार्म तैयार करने के पश्चात (https://www.mstcecommerce.com ) निविदाकर्ता के ग्लोबल ईएमडी वालेट में किया जाएगा। नेफ्ट अंतरण किसी अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक से किया जा सकता है। ईएमडी का भुगतान अन्य किसी तरीके जैसे चेक/मांग ड्राफ्ट से स्वीकार नहीं किया जाएगा। इच्छुक निविदाकर्ता जो अपनी ईएमडी वालेट में मांगी गई, ईएमडी जमा नहीं कर रहे हैं, उन्हें ई-नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने की अनुमति नहीं होगी। अनिवार्य अग्रिम धरोहर जमा राशि ( इएमडी) पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा और असफल निविदाकर्ताओं को बिना ब्याज के ईएमडी वापस की जाएगी।

8. ईएमडी (अनिवार्य अग्रिम धरोहर राशि) प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि एवं समय **दिनांक 27.12.2023 साँय 4:00 बजे तक**।

9. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य से कम पर सम्पत्ति नहीं बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य से नीचे उद्धत की गई बोली अस्वीकार की जाएगी। निविदाकर्ता अपनी बोली, बिड वृद्धि राशि केवल उपरोक्त तालिका मे संबन्धित संपत्ति के सामने उद्धत "बिड बोली वृद्धि राशि" के गुणन मे वृद्धि कर सकता है। अगर कोई निविदा अंतिम 10 मिनट में प्राप्त होती है, तो उसे 10 मिनट का असीमित विस्तार दिया जाएगा। 10 मिनट का समय सफल ऊंची बोली लगाने के लिए दिया जाएगा, अगर निविदाकर्ताओं द्वारा कोई ऊंची बोली नहीं लगाई जाती है, तो 10 मिनट की समाप्ति पर सबसे ऊंची बोली पर ई-नीलामी बंद की जाएगी।

10. प्राधिकृत अधिकारी को अपनी सम्पूर्ण जानकारी और ज्ञान के आधार पर सम्पत्ति पर किसी भी भार की जानकारी नहीं है। तथापि, इच्छुक निविदाकर्ताओं को अपनी निविदाएं प्रस्तुत करने से पूर्व सम्पत्ति पर भार, सम्पत्ति पर हकों, दावों /अधिकारों/ देयताएं जो सम्पत्ति को प्रभावित करती हैं, की जांच अपने स्वतंत्र सूत्रों से करनी चाहिए। ई-नीलामी का विज्ञापन, बैंक का कोई भी प्रतिनिधित्व या प्रतिबद्धता निर्मित नहीं करता है और न ही निर्मित कराता प्रतीत होगा। सम्पत्ति की बिक्री उसके वर्तमान व भविष्य के सभी भार, जिनकी जानकारी बैंक को है या नहीं है, के साथ की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तरह के तृतीय पक्ष के दावों/अधिकारों/देयताओं के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

11. यह निविदाकर्ता की जिम्मेदारी होगी कि बोली लगाने के पूर्व सम्पत्ति के निरीक्षण से संतुष्ट हों। नीलामी हेतु संपत्ति के निरीक्षण की अनुमति इच्छुक निविदाकर्ताओं को मौके पर प्रत्येक संपत्ति के विवरण के साथ दी जाएगी।

12. आन-लाइन बोली के अंतर के लिए निविदाकर्ता अपनी बोली की राशि हेतु विक्रय नोटिस में उल्लिखित 'बिड वृद्धि राशि के गुणांक में सुधार कर सकता है। अगर बोली, ई-नीलामी के बंद होने के अंतिम 10 मिनट में प्रस्तुत की जाती है तो ई- नीलामी के बन्द होने का समय स्वयं ही 10 मिनट बढ़ जाएगा। ( प्रत्येक समय ई नीलामी प्रक्रिया के बंद होने तक), अन्यथा, यह स्वत: ही बंद हो जाएगी। **निविदाकर्ता, जो सबसे ऊंची निविदा (आरक्षित मूल्य से नीचे न हो) प्रस्तुत करता है, तो ऐसे निविदाकर्ता, ई-नीलामी प्रक्रिया के बंद होते समय प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार वांछित सत्यापन के पश्चात सफल निविदाकर्ता घोषित किया जाता है।**

13. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उच्चतम बोली को स्वीकार करने के बाद, सफल निविदाकर्ता को विक्रय मूल्य का 25%, पूर्व में जमा ईएमडी (EMD/ अनिवार्य अग्रिम धरोहर जमा राशि) को समायोजित करने के पश्चात उसी दिन या अगले कार्य दिवस में जमा करना होगा। शेष विक्रय मूल्य का 75%, नीलामी तिथि के दिन से 15वें दिन तक या पहले या प्राधिकृत अधिकारी के पूर्णरूप से विवेकाधिकार के अंतर्गत लिखित रूप सहमति के आधार पर बढे हुए समय में नेफ्ट/आरटीजीएस से बैंक के निम्नलिखित खाते में जमा कराना होगा:

| खाता संख्या | खाता का नाम | आईएफएससी कोड / शाखा नाम |
|---|---|---|
| **3305322477** | REGIONAL OFFICE EMD COLLECTION AC | CBIN0283312<br>सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, Arera Hills, Bhopal |

सफल निविदाकर्ता द्वारा यथोक्त निर्धारित समायावधि में विक्रय मूल्य जमा कराने मे असफल रहने पर, उनके द्वारा निविदा के सापेक्ष पहले से जमा की गई धनराशि जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति/यों को पुन: नीलामी की जाएगी। इस तरह चूकने वाले निविदाकर्ता का सम्पत्ति पर कोई दावा/अधिकार नहीं होगा।

14. वैधानिक/वैधानिक से अतिरिक्त देनदारियाँ, कर, दर, निर्धारण शुल्क,फीस, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, अंतरण प्रभार आदि क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा।

15. प्राधिकृत अधिकारी, उच्चतम प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है। प्राधिकृत अधिकारी को पूर्ण अधिकार है कि वह एक या सभी प्रस्तावों को स्वीकार/अस्वीकर/स्थगित/रद्द या ई-नीलामी प्रक्रिया को बिना कारण बताए समाप्त कर दे।

16. सभी विक्रय प्राप्तियों के प्राप्त होने के पश्चात प्राधिकृत अधिकारी नियमानुसार विक्रय प्रमाणपत्र जारी करता है। खरीदार को स्टाम्प ड्युटी का भुगतान करना होता है जिसमें विक्रय प्रमाणपत्र, पंजीकरण प्रभार, सरकार/किसी प्राधिकारी को देय सभी वैधानिक देय रशियां, कर, जीएसटी और सम्पत्ति के वर्तमान और आने वाले किराए का भुगतान शामिल है। बोली/ निविदा में शामिल नामों के अतिरिक्त किसी का नाम जोडने/घटाने की अनुमति का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। केवल सफल निविदाकर्ता के नाम विक्रय प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

17. प्राधिकृत अधिकारी/बैंक को किसी भी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने अथवा बोली को स्थगित/रोकने/विक्रय को रद्द करने और बिना किसी पूर्व नोटिस और विक्रय के नियम एवं शर्तों में सुधार करने का पूरा अधिकार है. अगर पूर्व की बोली असफल हो जाती है तो बिना कारण बताए अगले सबसे ऊंचे निविदा कर्ता को निष्पादन के लिए बुलाने का अधिकार है।
18. सम्पत्ति की बिक्री 'जहां है जैसी है, जो है जैसी है' के आधार पर की जा रही है. निविदायें प्रस्तुत करने से पहले, इच्छुक निविदाकर्ता अपनी शंकाओं का समाधान स्वतन्त्र जांच और सम्बंधित रजिस्टर/एसआरओ/आय रिकार्ड/भार के सम्बंध में सत्यापन कर सकते हैं। दूसरे वैधानिक प्राधिकारियों और सम्पत्ति पर दावों/अधिकारों/भार/गृहणाधिकार,देयताएं आदि के लिए कोई भी प्राधिकारी जैसे विक्रय कर, उत्पाद शुल्क/ जीएसटी/ आयकर बैंक के प्रभार के अतिरिक्त स्वामित्व प्रकृति, विवरण,मात्रा, गुणवत्ता, दशा, भार,गृहणाधिकार, प्रभार, वैधानिक देयतएं आदि का सत्यापन निविदा प्रस्तुत करने के पहले कर लेना चाहिए। ई-नीलामी, विज्ञापन नहीं बनाती है और कोई बचनबद्धता निर्मित नहीं करती है और न तो बैंक का प्रतिनिधित्व करती है। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तृतीय पक्षकार के उपर्युक्त वर्णित दावे/अधिकारों/वैधानिक देयताओं के लिए उत्तरदायी नहीं है,(अगर कोई हैं). आन लाइन नीलामी की प्रस्तुति के पश्चात विक्रय के लिए रखी गई सम्पत्ति की प्रकृति, विक्रय प्रभार, भार और अन्य मामलों के दावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
19. बैंक उल्लिखित सम्पत्ति के विक्रय के लिए उनकी अनुमति प्रक्रिया दिलाने, अनुज्ञापत्र, एनओसी आदि की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है अथवा सम्पत्ति के विक्रय पर देयताओं जैसे पानी, सेवाप्रभार, अंतरण शुल्क, विद्युत बकाया, नगरपालिका/ स्थानीय अधिकारियों/सहकारी आवास सोसाइटी की बकाया देयताएं अथवा अन्य देयताएं, टैक्स, लेवी, शुल्क आदि, यदि सम्पत्ति के विक्रय पर देय हों, तो बैंक कोई जवाबदेही नहीं लेता है. सफल निविदाकर्ता को सम्पत्ति की खरीद पर आयकर के प्रावधानों के अंतर्गत लागू दर से कर का भुगतान प्राधिकारियों को करना है।
20. निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने और अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले ई-नीलामी हेतु उपलब्ध एमाएसटीसी के वेब पोर्टल https://www.mstcecommerce.com, www.ibapi.in और www. Centralbank ofindia.co.in पर जाएं और ई-नीलामी की विस्तृतशर्तों एवं दशाओं का अध्ययन करें।
21. निविदाकर्ताओं के स्वयं के हित में अंतिम क्षणों में बोली लगाने से बचना चाहिए, क्यों कि न सेंट्रल बैंक आफ इंडिया और न सेवा प्रदाता, ई- नीलामी प्रक्रिया में किसी भी चूक/असफलता/इंटरनेट अवरुद्धता/ विधुत व्यवधान आदि की जवाबदेही नहीं लेगा। इस तरह की आकस्मिक स्थिति से दूर रखने के लिए निविदाकर्ताओं से निवेदन है कि वे आवश्यक व्यवस्थाएं/ वैकल्पिक उपाय जैसे पावर सप्लाई, बैक अप की व्यवस्था करें, ताकि ऐसी विपरीत परिस्थितियों पर गतिरोध को दूर रखा जा सके और नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सकें।
22. बिक्री, बैंक द्वारा पुष्टि के अधीन है.
23. शीर्षक दस्तावेजों / दूसरे दस्तावेजों / संपत्ति के निरीक्षण/ जानकारी हेतु : संबन्धित **शाखा – नरेला शंकरी,भोपाल मो. 7024115061/7486959145, शाखा-बेगमगंज, रायसेन मो. 7024115034 एव शाखा –गुलमोहर, भोपाल मो. 7024115041,** से बैंकिंग कार्यदिवसों मे कार्यावधि के दौरान संपर्क किया जा सकता है। उपरोक्त संबंध मे अन्य किसी जानकारी के लिए श्री ए पी सिंह मो. 7024173569 एवं श्री मुकेश राठौर मो. -7024115011, क्षेत्रीय कार्यालय, Bhopal, ईमेल-recvbhopro@centralbank.co.in से सभी कार्यदिवसों मे कार्यावधि के दौरान संपर्क किया जा सकता है।

15/12/2023

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 15.12.2023**

**कृते सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**


9, ARERA HILLS, JAIL ROAD, BHOPAL PIN – 462011, M.P.
Ph. 0755-2576028, 2674049, 7024115013, email – recvbhopro@centralbank.co.in